केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल करेगी विस्तार

नई दिल्ली. केनरा एचएसबीसी ओरिएंटल बैंक ऑफ लाइफ इंश्योरेंस जीवन बीमा बिक्री बढ़ाने के लिए विभिन्न रणनीतिक पहल शुरू करेगा। कंपनी अपने अखिल भारतीय बैंक शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से टियर टू और थ्री शहरों के ग्राहकों को अपने साथ जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करेगा। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी गौरव सेठ ने बताया कि कंपनी अपने 345 बैंक शाखाओं के माध्यम से राज्य के भीतर व्यापक बीमा पैठ बनाने की योजना बनाई है। वित्त वर्ष 2017-18 में कंपनी अपनी बिक्री में 30 फीसदी वृद्धि का लक्ष्य रखा है।